भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)
(मानव संसाधन विभाग)

मा.सं./भर्ती/ट्रेड अप्रेंटिस/ 2026/111 दिनांक: 02.07.2026

वर्ष 2026-27 हेतु ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए अधिसूचना

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित व्यवसायों (Trades) में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं । वे अभ्यर्थी जो आई.टी.आई. करने के पश्चात पहले ही अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं या जिनके पास एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी का अनुभव है या किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स कर रहे हैं, आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे । रिक्तियों का विवरण तथा अन्य अर्हताएँ निम्नानुसार हैं :-

क्र.सं.	ट्रेड	रिक्तियों की संख्या	न्यूनतम योग्यता
1	फिटर	74	हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं एन.सी.वी.टी. (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2023, 2024, 2025 या 2026 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे । वेल्डर एवं इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में एन.सी.वी.टी. (NCVT) या एस.सी.वी.टी. (SCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2023, 2024, 2025 या 2026 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं ।
2	मशीनिष्ट	36	
3	टर्नर	26	
4	वेल्डर	17	
5	इलेक्ट्रीशियन	26	
6	ड्राफ्ट्समैन (मैके.)	4	
7	फाऊण्ड्रीमैन	4	
	कुल	187	

नोट: रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन सम्भव है ।

आयु सीमा (01.07.2026 के अनुसार): सभी वर्गों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है । सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 30 वर्ष तथा अनु. जाति / जनजाति के लिए 32 वर्ष है । दिव्यांग अभ्यर्थियों (न्यूनतम 40% शारीरिक अक्षमता के साथ) को उनके सम्बंधित वर्ग में 10 वर्षों की अतिरिक्त छूट का प्रावधान है ।

वृत्तिका (Stipend): सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अप्रेंटिसशिप दिशा-निर्देशों के अनुसार मासिक वृतिका (stipend) देय होगा ।

स्वास्थ्य: आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए । चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है ।

आरक्षण:

1. अनु. जाति / जनजाति वर्ग , अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ईडब्ल्यूएस (EWS) एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा ।
2. अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.04.2025 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा । जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही होना अनिवार्य है (जिसका प्रारूप हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध है) अन्यथा यह स्वीकार्य नहीं होगा ।

प्रकाश

3. ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र ही मान्य होगा ।
4. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए आरक्षण कंपनी के नियमानुसार किया जाएगा ।
5. चयन प्रक्रिया में उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जाएगा जिसके लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है ।

चयन प्रक्रिया: अभ्यर्थियों का चयन ITI में प्राप्त अंकों का 70% एवं हाईस्कूल में प्राप्त अंकों का 30 % के आधार पर वेटेज के अनुसार तैयार मेरिट सूची (Weighted Average) से किया जाएगा। आई.टी.आई. एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के भारित औसत (Weighted average) समान अंक होने की दशा में आई.टी.आई. अंक प्रतिशत के आधार पर वरीयता दी जाएगी तथा इसके भी समान होने की दशा में उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी ।

यदि किसी ट्रेड में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को सीधे तौर पर प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा ।

आवेदन करने की प्रक्रिया :

चरण - 1: आवेदन के लिए पहले अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण करना होगा । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें ।

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण के दौरान निर्धारित दस्तावेजों का विवरण भरते हुए आवश्यकतानुसार इसे अपलोड करना अनिवार्य है । साथ ही पंजीकरण करते समय अंकित आधार संख्या सही होना चाहिए । आधार कार्ड में उनका नाम, पिता का नाम व जन्मतिथि इत्यादि विवरण पूर्णतया सही हो (नाम में spelling mistake नहीं होना चाहिए) तथा पोर्टल द्वारा Aadhar Verification के स्थान पर यह अवश्य लिखा हो कि "Your Aadhaar is verified Successfully !!" । किसी प्रकार की त्रुटि की दशा में अभ्यर्थी आधार कार्ड या प्रोफाइल सम्बंधी त्रुटि को यथाशीघ्र ठीक करा लें । अप्रेंटिसशिप प्रोफाइल में किसी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में, जिससे ऑनलाइन ज्वाइनिंग प्रभावित होगी, अभ्यर्थी का आवेदन अयोग्य माना जाएगा । अप्रेंटिसशिप पोर्टल द्वारा पंजीकरण या अन्य सम्बंधित जानकारी हेतु सम्बंधित पोर्टल पर दिए गए सम्पर्क सूत्र से ही सम्पर्क करें ।
2. जो अभ्यर्थी अपना अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण किसी अन्य संस्थान से निरस्त (Termination) करवा चुके हैं, और उस निरस्त तिथि तथा बीएचईएल में अप्रेंटिसशिप ज्वाइन करने के बीच का अंतराल तीन महीने से कम है, वो अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप (संशोधित) नियम 2025, 11 सितम्बर 2025 को अधिसूचित भारत का राजपत्र (The Gazette of India) के अनुसार बीएचईएल में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु ज्वाइन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

चरण - 2 :

अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण करने के बाद अभ्यर्थियों को बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment के अंतर्गत "Engagement of Trade Apprenticeship for 2026, BHEL Haridwar" लिंक में उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (Apply Online) भरना अनिवार्य है ।

(क) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाईस्कूल एवं आई.टी.आई. अंक इत्यादि बिल्कुल सहीं भरें । यदि कोई अभ्यर्थी भरने में कोई गलती करते हैं तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी ।

(ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 2 में अपना 30 kb तक का .jpg या .jpeg प्रारूप में नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो अपलोड करना होगा । इसके अलावा सामान्य निर्देश में बिन्दु संख्या 2 पर उल्लेखित दस्तावेज भी 500 kb तक का pdf प्रारूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा ।

(ग) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 15.07.2026 है ।

(घ) आवेदन से सम्बंधित किसी भी पूछताछ के लिए दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

प्रवाभ

(ङ) बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरान्त प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा सामान्य निर्देश में बिन्दु संख्या 3 पर उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डालकर एवं उसके ऊपर "ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण 2026 हेतु आवेदन पत्र तथा ट्रेड का नाम " लिख कर दिनांक 27.07.2026 तक निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) जमा करना होगा ।

कार्यपालक (मा.सं.)
कक्ष संख्या 29, मानव संसाधन – भर्ती अनुभाग
मुख्य प्रशासनिक भवन, बी.एच.ई.एल., हीप
रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) – 249403

(च) इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से सम्बंधित सभी दिशानिर्देशों के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें ।

(छ) वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे । इस सम्बंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे ।

नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं सामान्य निर्देश में उल्लेखित दस्तावेजों के साथ "Form for Employee Ward" भी जमा करना होगा जो वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

सामान्य निर्देश:

1. अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपर्युक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता पूर्ण करते हैं तथा उनके द्वारा आवेदन मे दी गई सभी जानकारी पूर्ण रूप से सही है । यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है, तो इसके लिए आवेदक स्वंय जिम्मेदार होंगे तथा आवेदक की उम्मीदवारी/प्रशिक्षण किसी भी समय, बिना किसी कारण बताए, निरस्त की जा सकती है ।

2. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में अपलोड करना होगा अन्यथा उनका आवेदन incomplete माना जाएगा :

   (क) नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (.jpg या .jpeg प्रारूप में 30 kb तक का) ।

   बाकी अन्य निम्नलिखित दस्तावेज क्रम संख्या (ख) से (छ) तक 500 kb तक का .pdf प्रारूप में होना चाहिए:

   (ख) हाई स्कूल प्रमाणपत्र ।
   (ग) आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेमेस्टर के अंकपत्र) ।
   (घ) आधार कार्ड ।
   (ङ) जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।
   (च) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।
   (छ) उत्तराखण्ड के निवासियों के लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) [बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है]

3. ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित (self-attested) छायाप्रति पावती (Ack.) पत्र के साथ संलग्न करके दिनांक 27.07.2026 तक डाक द्वारा / व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य होगा :

   (क) अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.gov.in) पंजीकरण संख्या सम्बंधी साक्ष्य (अप्रेंटिसशिप पोर्टल द्वारा उत्पन्न प्रोफाइल की प्रति जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, जन्मतिथि इत्यादि विवरण हो) ।

   (ख) हाईस्कूल प्रमाण पत्र ।

   (ग) आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेमेस्टर के अंकपत्र) ।

   (घ) उत्तराखण्ड के निवासी सम्बंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) [बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है]

   (ङ) जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

   (च) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

प्रकाश

(छ) आधार कार्ड ।

(ज) पूर्णतया भरा हुआ "Form for Employee Ward" (केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए लागू)

4. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों को ही चयन प्रक्रिया हेतु शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति, सितम्बर 2026 में सम्पन्न की जाएगी । अभ्यर्थियों के चयन संबंधी सभी जानकारी बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाईट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध रहेगी ।

   अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे चयन सम्बंधी अन्य जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें ।

5. वे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी के रूप में (as a private candidate) किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं है ।

6. वर्ष 2023 या 2023 के बाद आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे ।

   नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों (पति/पत्नी/पुत्र/पुत्रियों) के लिए आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष में 3 वर्ष तक अतिरिक्त छूट का प्रावधान है, बशर्ते आर.डी.एस.डी.ई. द्वारा उनका ऑनलाइन कॉन्ट्रेक्ट अनुमोदित हो सके, परन्तु अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण करना अनिवार्य है ।

7. आमंत्रित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग के समय रिपोर्ट करने पर किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा ।

8. चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने व खाने की व्यवस्था स्वयं करना होगा ।

9. चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

10. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा ।

11. इस प्रक्रिया से सम्बंधित कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध होगा । अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नहीं दी जाएगी ।

12. प्रबंधन के पास बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निर्धारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है । प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस सम्बंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा ।

13. इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस सम्बंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा ।

महत्वपूर्ण संभावित तिथियाँ:

(क) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु आरम्भिक तिथि : 02.07.2026

(ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : 15.07.2026

(ग) पावती पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि : 27.07.2026

प्रकाश
02.07.2026
वरि. उप महाप्रबंधक (मा.सं.)

प्रतिलिपि :
1. महाप्रबंधक (मा.सं.) – सादर सूचनार्थ ।
2. सभी विभागाध्यक्ष – सादर सूचनार्थ ।
3. कार्यपालक निदेशक (हीप) के स्टाफ अधिकारी – सादर सूचनार्थ ।